चुलकाना धाम की महिमा बाबा श्याम हमारा | by Priti Sargam Singh

बर्बरीक ने जहाँ पर दिया अपना शीश का दान
श्याम नाम दे गए इन्हे जहाँ श्री कृष्ण भगवान्
वो चुलकाना नगरी पावन और बड़ी महान
आज भी वो पीपल है जहाँ पत्तों पर छिद्र निशान

तेरे बाणो की जब तक निशानी रहे
सारी दुनिया तेरी ही दीवानी रहे , दीवानी रहे
सारे तेरे सहारे बाबा श्याम हमारे ....

तुमसा दानी जगत में ना पाया
संग रहता सदा बन के साया
तेरा चुलकाना धाम जिसका वेदों में नाम
दान की तेरे हर दम कहानी रहे , कहानी रहे
सारे तेरे सहारे बाबा श्याम हमारे ....

कितनी पावन वो नगरी है प्यारी
जहाँ ली गई परीक्षा तुम्हारी
तू है कितना महान दिया शीश का दान
है पुरानी अमर ये ज़ुबानी रहे , ज़ुबानी रहे
सारे तेरे सहारे बाबा श्याम हमारे ....

तूने धीरज दिया बन सहारा
प्रेम से सबको तूने निहारा
प्रीति आई है द्वार करे ये ही पुकार
प्रेम की बहती यूँ ही रवानी रहे , रवानी रहे
सारे तेरे सहारे बाबा श्याम हमारे ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9a%e0%a5%81%e0%a4%b2%e0%a4%95%e0%a4%be%e0%a4%a8%e0%a4%be-%e0%a4%a7%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%95%e0%a5%80-%e0%a4%ae%e0%a4%b9%e0%a4%bf%e0%a4%ae%e0%a4%be-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%ac%e0%a4%be/